

## अतिक्रमण कर बनाए गए मकान जमींदोज

**अमरकंटक के जमुना दादर में राजस्व टीम और पुलिस की कार्यवाही**

**अमरकंटक, नवभारत 7 अगस्त।** गुरुवार को वार्ड क्रमांक 15 जमुना दादर क्षेत्र के गली नंबर 4 में सुबह नगर पालिका अमरकंटक की राजस्व टीम ने थाना अमरकंटक पुलिस बल के सहयोग से बड़ी कार्रवाई की। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए अवैध मकान को जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया गया।

नगर परिषद अमरकंटक के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) चैन सिंह परस्ते ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त स्थल शासकीय भूमि है, जिस पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया गया था। पहले ही इस अतिक्रमण को चिन्हित किया गया था और वैधानिक प्रक्रिया के तहत हटाने की कार्यवाही की गई। सीएमओ परस्ते ने यह भी स्पष्ट किया कि अतिक्रमण के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### बारिश में मकान तोड़ना दुख की बात : पार्षद

श्री परस्ते ने कहा कि नगर की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का संकल्प नगर परिषद द्वारा दृढ़ता से लिया गया है। वार्ड क्र 15 की पार्षद विमला दुबे ने कहा कि शासकीय भूमि में किया गया अतिक्रमण हटाना उचित है, लेकिन भरी बरसात में निर्मित मकान तोड़ना दुख की बात है।

**जांच शुरु** मंगलवार से था लापता, मानसिक रूप से था अस्वस्थ

# सावित्री सरोवर डैम में मिला युवक का शव



**अमरकंटक, नवभारत 7 अगस्त।** पवित्र नगरी अमरकंटक में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को हिला दिया। सोनमुड़ा रोड स्थित सावित्री सरोवर डैम में एक युवक का शव मुंह के बल पानी में तैरता हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। यह घटना लगभग सुबह 6.30 बजे सामने आई, जब कुछ लोगों ने डैम के किनारे पानी में युवक का शव देखा।

सूचना मिलते ही वार्ड पार्षद द्वारा पुलिस को जानकारी दी गई। थाना प्रभारी एलबी तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकालकर जांच प्रारंभ की। पुलिस उपनिरीक्षक पी.एस. बघेल ने बताया कि मृतक की पहचान लव कोहली 27 वर्ष निवासी लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। युवक अमरकंटक के बाराती वार्ड क्रमांक 4 में अपने चाचा अभिलाष कोहली के साथ रह रहा था, जो नर्मदा मंदिर के पास पूजा-पाठ का कार्य करते हैं।

### मानसिक स्थिति में हो रहा था सुधार

जानकारी के अनुसार, लव कोहली बचपन से मानसिक रूप से अस्वस्थ था, परंतु पिछले कुछ दिनों से उसकी स्थिति में सुधार हो रहा था। इसी कारण परिजनों ने उसे बाहर जाने की अनुमति दी थी। युवक मंगलवार से लापता था और गुरुवार सुबह उसका शव मिलने के बाद परिजनों को सूचित किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। चिकित्सकीय परीक्षण के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### मृत युवक की नहीं हो सकी पहचान



अनूपपुर नगर के स्मार्ट सिटी क्षेत्र के पास तीन दिन पूर्व मिले अज्ञात युवक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। बीमारी के कारण मृत्यु होने की आशंका के चलते पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखकर पहचान के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं की मदद से युवक का अंतिम संस्कार किया गया।



## जीवन कौशल माड्यूल की दी जानकारी

**पुष्पराजगढ़ में शिक्षकों के रिफ्रेशर प्रशिक्षण का समापन**

**अनूपपुर, नवभारत 7 अगस्त।** जिले के पुष्पराजगढ़ ब्लॉक में 4 अगस्त से 6 अगस्त तक सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय रिफ्रेशर शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण जनपद शिक्षा केंद्र पुष्पराजगढ़ एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्रग्राम में आयोजित किया गया, जिसमें ब्लॉक के सभी माध्यमिक विद्यालयों से दो-दो शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को सक्षम कार्यक्रम की मूल अवधारणाओं, मॉड्यूल, सत्र संरचना तथा कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सशक्त बनाना था। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर शैलेन्द्र पाटिल, प्रफुल्ल सिंह एवं सुरेश प्रसाद गुप्ता तथा ब्लॉक मैनेजर आशीष मिश्रा ने प्रशिक्षण का संचालन किया। प्रशिक्षण के दौरान जीवन कौशल मॉड्यूल पर विस्तार से चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनरों द्वारा डेमो सत्र आयोजित कर शिक्षण की वास्तविक विधियों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही जेंडर ट्रांसफॉर्मेटिव दृष्टिकोण को समझाने और उसे शिक्षण प्रक्रिया में एकीकृत करने के उपायों पर संवाद हुआ।

### एमआईएस प्लेटफॉर्म के उपयोग पर दिया मार्गदर्शन

कार्यक्रम के अंतर्गत मेरी सीख दीवार, स्टडी कॉर्नर, वॉल पेंटिंग, बीएमएस, चाइल्ड कैबिनेट एवं सीएमसी की भूमिका पर भी जानकारी दी गई। सेशन रिपोर्टिंग हेतु एलएमएस प्रणाली एवं एमआईएस प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का एक अहम भाग चाइल्ड प्रोटेक्शन एवं सेफगार्डिंग पर केंद्रित रहा, जिसमें बच्चों की सुरक्षा, बाल संरक्षण नीतियों और इसमें शिक्षकों की जिम्मेदारियों पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने उठाएं कदम : कलेक्टर

**जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अतिक्रमण पर कार्यवाही के दिए निर्देश**



**अनूपपुर, नवभारत 7 अगस्त।** कलेक्टर हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन एवं विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिले में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु संयुक्त रूप से ठोस एवं सकारात्मक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण विभागों से जुड़े अधिकारी गंभीरता एवं तत्परता के आधार पर सड़क सुधार कार्य भी करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिसमें उपयुक्त लाइटिंग व्यवस्था, सांकेतिक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, साइन ब्रेकर आदि की व्यवस्था किया जाना आवश्यक है, जिससे आमजन को दुर्घटनाओं से सुरक्षा प्रदान की जा सके।

### सड़क चौड़ीकरण का कार्य 7 दिन में करें पूर्ण

कलेक्टर द्वारा मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को निर्देशित किया गया कि बसनिहा तिराहा रोड का चौड़ीकरण कार्य सात दिवस के भीतर पूर्ण किया जाए। इसके अतिरिक्त अमरकंटक मार्ग में स्थित भुण्डाकोना एवं किरर घाट के आसपास के अंधा मोड़ों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने हेतु निर्देश दिए गए, ताकि वाहन चालकों को मार्ग की स्पष्टता मिल सके और दुर्घटनाओं की संभावनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही परसवार मोड़ पर स्पीड ब्रेकर तथा सांधा मोड़ पर आवश्यक सांकेतिक बोर्ड सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर भी आवश्यक सुरक्षा एवं सूचनात्मक व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।

### कोतमा की बाजार व्यवस्था दुरुस्त करे

कलेक्टर ने कोतमा नगर में बाजार व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, जिले के समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क मार्गों पर मवेशी न बैठें, इसके लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क व हाईवे मार्गों से मवेशियों को हटाकर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की सतत् कार्यवाही की जाए। राहवीर योजना के प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई, जिसमें बताया गया कि अनूपपुर जिले में अब तक कुल 7 प्रकरण प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 2 प्रकरणों में हितग्राहियों को निर्धारित आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है।



## उन्नत सूचकांक से पंचायतों का होगा विकास : सिंह

**अनूपपुर, नवभारत 7 अगस्त।** पंचायतों के समग्र विकास को मापने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित पंचायत उन्नति सूचकांक (पीआईए 1.0) का जिला स्तर पर विमोचन कर एकदिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार अनूपपुर में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत की सदस्य भुवनेश्वरी सिंह, किरण चौधरी, भारती केवट, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके सोनी, एसआईआरडी जबलपुर के प्रशिक्षक सुरेंद्र प्रजापति और नवीन शिवा, आरजीएसए डीपीएम सुदर्शन कुमार चंदेल, पेसा जिला समन्वयक राजेश सिंह, जनपदों के सीईओ, ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक जैसे प्रयासों से पंचायतों के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि यदि पंचायतें योजनाओं का सही क्रियान्वयन करें तो ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक सुधार संभव है। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2022-23 के सूचकांक में सर्वोच्च रैंकिंग प्राप्त 10 पंचायतों को सम्मानित किया गया।

### प्रथम पुरस्कार ग्राम पंचायत बहेराबांध को मिला

पुरस्कार वितरण में प्रथम पुरस्कार ग्राम पंचायत बहेराबांध जनपद कोतमा 11 हजार, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह, द्वितीय पुरस्कार ग्राम पंचायत जनपद अनूपपुर 7,100 एवं प्रतीक चिन्ह, तृतीय पुरस्कार ग्राम पंचायत कोठी जनपद कोतमा 5,100 एवं प्रतीक चिन्ह, ग्राम पंचायत पसला, तितरीपोडी, परसवार, फुनगा, बीड, टांकी, कुकुरगोड़ा को 2,100 की राशि एवं प्रशस्ति पत्र एवं इसके अतिरिक्त 10 पंचायतों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

# राखी मेला में जिले के उत्पादों की सराहना

**भोपाल हाट परिसर में समूह सदस्यों ने मनाया उत्सव**



**अनूपपुर, नवभारत 7 अगस्त।** भोपाल हाट परिसर में 5 से 7 अगस्त तक आयोजित राखी मेला उत्सव में अनूपपुर जिले के स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को विशेष सराहना मिली। यह आयोजन मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य परंपरागत उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना और ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करना रहा। इस तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ राज्य के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हर्षिता सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। मेले में अनूपपुर जिले के स्व सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों जैसे कोदो मिलेट, कोदो कुकीज, कोदो नमकीन तथा पारंपरिक गोंडी पेंटिंग ने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। आगंतुकों ने इन उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की और बड़ी संख्या में खरीदारी भी की।

### स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने के प्रयास जारी

अजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक शशांक प्रताप सिंह ने बताया कि कलेक्टर हर्षल पंचोली के नेतृत्व में जिले में स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का ही परिणाम है कि जिले के समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को अब राज्य स्तरीय आयोजनों में भी पहचान मिल रही है। मेले में अनूपपुर जिले की ओर से दीपक मोदनवाल के नेतृत्व में जीवनदायिनी संकुल संगठन की उर्मिला परस्ते एवं प्रमिला सिंह, गोंडी चित्रकला स्व सहायता समूह की रीता श्याम तथा मिशन टीम से संजय विश्वाास ने सक्रिय भागीदारी की।

## 8 से 15 तक चलेगा स्वच्छता उत्सव

**हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिला पंचायत सीईओ ने दी सख्त दिशा-निर्देश**

**अनूपपुर, नवभारत 7 अगस्त।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विषय पर आधारित विशेष कार्यक्रमों का आयोजन 8 से 15 अगस्त तक किया जाएगा। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नोडल अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कहा कि यह अभियान न केवल एक सामूहिक उत्सव है, बल्कि नागरिक कर्तव्यों की भावना को भी मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से स्वच्छ और सुजल गांव की अवधारणा को स्वतंत्रता की भावना से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री के वॉश विजन को आगे बढ़ाया जाएगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सतत जल आपूर्ति और स्वच्छता को सुनिश्चित करना है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### स्वयंसेवकों और समूहों की भी भागीदारी अनिवार्य

ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समितियाँ, स्व सहायता समूह, पंचायत प्रतिनिधि, विद्यालयों के बच्चे, स्वयंसेवक और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता अभियान में शामिल होंगे। अभियान के दौरान सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार के लिए प्रमुख हैशटैग का उपयोग अनिवार्य होगा।

**समापन** अमरकंटक में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का समापन, भक्तों ने 7 दिन किया कथा का रसपान

# प्रेम पूर्वक प्रभु नाम सुमिरन ही सबसे बड़ी संपत्ति है : महंत व्यास



**अमरकंटक, नवभारत 7 अगस्त।** श्री कामदगिरि सेवा आश्रम में 30 जुलाई से 7 अगस्त तक श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। इस दिव्य आयोजन के कथा व्यास के रूप में महंत स्वामी हेमंत दास महाराज कवर्धा (छत्तीसगढ़) ने भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का सात दिवस रसपान कराया।

यह आयोजन कुंडा ग्राम जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़) के यादव समाज द्वारा कराया गया, जिसमें कुंडा ग्राम क्षेत्र से आए भक्त, श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अमरकंटक में कथा श्रवण कराने का संकल्प लिया था, जो अमरकंटक के नर्मदा तट पर सात दिवसीय कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक रोजाना श्री कामदगिरि सेवा आश्रम के विराट हाल में संपन्न हुआ। यादव समुदाय के भक्तों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भागवत कथा का दिव्य प्रेरणामयी प्रभु और मां नर्मदा की पावन पुनीत कथा का लाभ उठाया। स्वामी हेमंत व्यास अपनी कथा के मध्य बोले कि प्राणी प्रेम पूर्वक प्रभु नाम सुमिरन करता है वही सबसे बड़ी संपत्ति संजो कर रख पाता है।

### कन्या भोज व भंडारे का किया गया आयोजन

कथा स्थल पर ही विधिवत पूजन, हवन और आरती कर कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पधारे और प्रसाद ग्रहण किए। इस तरह पावन पुनीत आयोजन से अमरकंटक की पुण्यभूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठती है।

### गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष का किया गया सत्कार

अमरकंटक में स्थित श्री कामद गिरी सेवा आश्रम के संत स्वामी अखिलेश्वर दास महाराज ने बताया कि हमारे यहां साप्ताहिक भागवत कथा का आयोजन कवर्धा पास कुंडा ग्राम के यादव समाज द्वारा कराया गया, जिसका गुरुवार को समापन हुआ। इस पूर्णाहुति पर छत्तीसगढ़ के गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष बिसेसर पटेल ने सपरिवार उपस्थित होकर व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर यादव समाज के लोगों ने उनका भी सत्कार किया गया।



## लाड़ली बहनों के खाते में पहुंचे 15.22 करोड़

**अनूपपुर, नवभारत 7 अगस्त।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम बहनों के साथ रक्षाबंधन उत्सव से मध्यप्रदेश की बहनों को बड़ी सौगात दी। इस दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और गैस सिलेंडर रिफिलिंग योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरित की गई। इस अवसर पर अनूपपुर जिले की 1 लाख 26 हजार लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 15 करोड़ 22 लाख 15 हजार 550 रुपये की राशि अंतरण की गई। इसके साथ ही गैस सिलेंडर रिफिलिंग योजना और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों को भी उनके खातों में अनुदान राशि प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों को 250 रुपये की राशि रक्षाबंधन के शगुन के रूप में भी प्रदान की, जो कि उनके लिए आर्थिक सहयोग और सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अनूपपुर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष, जनपद कार्यालयों, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर एनआईसी कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती राठौर, जिला पंचायत सदस्य किरण चौधरी एवं भारती केवट, आत्मा गवर्निंग बोर्ड सदस्य रश्मि खरे, महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक मंजूषा शर्मा, बड़ी संख्या में लाड़ली बहनाएं और सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थी उपस्थित रहे।